I.G.N.O.U. Based

# NEERAJ®

# T.S.-1

# पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

## (Foundation Course in Tourism)

By: *Dr. V.B. Singh*,
M.A. (Sociology, Political Science, English, History, Philosophy) LL.B., Ph.D.

***Question Bank** Cum **Chapterwise Reference Book***
*Including* **Many Solved Question Papers**

NP

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, Ist Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ` 280/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**

*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**

*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by:* ***Competent Computers*** | *Printed at:* ***Novelty Printer*** |


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. This book is just a Guide Book/Reference Book published by *NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

*Spl. Note:* ***This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.***

## How to get Books by Post (V.P.P.)?

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*

*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***

*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*

*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***

*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
## ( FOUNDATION COURSE IN TOURISM )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-7 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-5 |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2013 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2011 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2010 (Solved)* | 1-2 |

*S.No.* **Chapterwise Reference Book** *Page*

**पर्यटन परिघटना**

1. पर्यटन को समझना–I (Understanding Tourism–I) — 1
2. पर्यटन को समझना–II (Understanding Tourism–II) — 6
3. ऐतिहासिक उद्भव और विकास (Historical Evolution and Development) — 10

**पर्यटन उद्योग**

4. पर्यटन व्यवस्था (Tourism Arrangement Systems) — 18
5. पर्यटन उद्योग के अवयव और पर्यटन संगठन (Components of Tourism Industry and Tourism Organization) — 23
6. पर्यटन नियमन (Tourism Regulations) — 29
7. सांख्यिकी और माप (Statistics and Measurement) — 35

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **पर्यटन सेवाएँ और संचालन–1** | |
| 8. | **परिवहन साधन**<br>(Transport Means) | 40 |
| 9. | **पर्यटक आवास व्यवस्था**<br>(Tourists Lodging System) | 45 |
| 10. | **पर्यटन की अनौपचारिक सेवाएँ**<br>(Informal Services of Tourism) | 49 |
| 11. | **सहायक सेवाएँ : विभिन्न प्रकार और उनकी भूमिका**<br>(Auxiliary Services: Different Kinds and Their Role) | 55 |
| 12. | **दुकानें, इम्पोरियम और मेला**<br>(Shops, Emporium and Fairs) | 58 |
| | **पर्यटन सेवाएँ और संचालन–2** | |
| 13. | **ट्रैवेल एजेंसी** (Travel Agency) | 64 |
| 14. | **टूर ऑपरेटर** (Tour Operator) | 69 |
| 15. | **गाइड और यात्रा मार्ग निर्देशक**<br>(Guides and Route Directors) | 75 |
| 16. | **पर्यटन सूचना : विभिन्न स्रोत**<br>(Tourism Information : Various Sources) | 79 |
| | **पर्यटन भूगोल और पर्यटन** | |
| 17. | **भारत की जैविक विविधता : प्राकृतिक दृश्य, पर्यावरण और पारिस्थितिकी**<br>(Bio-Diversity of India:Natural Landscape, Environment and Ecology) | 83 |
| 18. | **पर्यटक, मौसम और स्थल** (Tourists, Weather and Spots) | 88 |
| 19. | **नक्शा और चार्ट** (Maps and Chart) | 92 |
| | **पर्यटन विपणन और संचार** | |
| 20. | **पर्यटन विपणन-1 : प्रासंगिकता उत्पाद, स्वरूप, बाजार अनुसंधान**<br>(Tourism : Marketting-I : Relevance Product, Nature, Market Research) | 101 |
| 21. | **पर्यटन विपणन-2 : प्रासंगिकता उत्पाद, स्वरूप, बाजार अनुसंधान**<br>(Tourism : Marketting-2 : Relevance Product, Nature, Market Research) | 110 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 22. | संचार माध्यमों की भूमिका<br>(Role of Communication Media) | 116 |
| 23. | पर्यटन के लिए लेखन<br>(Writing for Tourism) | 124 |
| 24. | व्यक्तित्व विकास और संवाद क्षमता<br>(Personality Development and Conversation Capacity) | 132 |
| **पर्यटन : सांस्कृतिक विरासत** | | |
| 25. | इतिहास का उपयोग<br>(Use of History) | 137 |
| 26. | स्मारक और संग्रहालय<br>(Memorials and Museum) | 140 |
| 27. | जीवित संस्कृति और प्रदर्शनात्मक कलाएँ<br>(Living Culture and Exhibitional Arts) | 148 |
| 28. | भारत के धर्म<br>(Religions of India) | 152 |
| **पर्यटन : नियोजन और नीति** | | |
| 29. | पर्यटन : नियोजन और नीति<br>(Tourism: Policy Investment and Policy) | 159 |
| 30. | अधिसंरचनात्मक विकास<br>(Understructural  Development) | 168 |
| 31. | स्थानीय निकाय, अधिकारी और पर्यटन<br>(Local Institutions, Authorities and Tourism) | 176 |
| 32. | विकास, निर्भरता अऔर मनीला उद्घोषणा<br>(Development, Dependence and Manila Declaration) | 181 |
| **पर्यटन के प्रभाव** | | |
| 33. | आर्थिक प्रभाव<br>(Economic Effects) | 185 |
| 34. | सामाजिक, पर्यावरणात्मक और राजनैतिक प्रभाव<br>(Social, Environmental and Political Effect) | 188 |
| 35. | पर्यटन के खतरे और बाधाएँ<br>(Tourism Dangers and Hindrances) | 193 |

■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER
## (June – 2019)

(Solved)

## पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक :* 100

***नोट : किन्हीं पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

**प्रश्न 1. पर्यटन प्रणाली से आपका क्या अभिप्राय है? पर्यटन उद्योग के प्रधान एवं गौण घटकों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर**–पर्यटन व्यवस्था से तात्पर्य उस अवधारणात्मक दृष्टिकोण से है जिसके द्वारा पर्यटन के तत्त्व पहचाने जाते हैं। पर्यटन की सीमा बहुत लचीली होने के कारण इसे प्राय: खाली समय व्यतीत करने और मनोरंजन संबंधी गतिविधियों का पर्याय मानने की भूल की जाती है।

इस इकाई में निम्न महत्त्वपूर्ण विषय शामिल है–

(1) माँग-आपूर्ति निर्धारकों और दबावों की पहचान कर पर्यटन अवधारणाओं और पर्यटन गतिविधियों में होने वाले ऐतिहासिक परिवर्तन।

(2) वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग की प्रक्रिया के गंतव्य स्थल और पर्यटन की दृष्टि से माँग-आपूर्ति की व्यवस्था और संपर्कों की भूमिका।

(3) राज्य, उद्यमी, पर्यटक और समुदाय की दृष्टि से पर्यटन प्रबंधन के मुद्दे का आलोचनात्मक परीक्षण।

(4) पर्यटन प्रभाव की अवधारणा।

पर्यटन व्यवस्था से तात्पर्य उस अवधारणात्मक दृष्टिकोण से है, जिसके द्वारा पर्यटन के तत्त्व पहचाने जाते हैं। पर्यटन वह सुनिश्चित ढांचा है, जिसमें सिद्धांत और व्यवहार दोनों सम्मिलित होते हैं। इसका उद्देश्य इस व्यवस्था की कार्य-पद्धति में संलग्न सभी लोगों को संतुष्ट करना है। विकास और लाभ पर्यटन व्यवस्था का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। इस व्यवस्था को अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय परिवेश और मांग के मध्य कार्य करना पड़ता है। सुनियोजित पर्यटन व्यवस्था के लिए स्थानीय क्षमता की समझ होना अनिवार्य है, जिससे कि पर्यटकों में स्थानीय स्रोतों के उपयोग की स्पर्धा पैदा न हो और इन स्रोतों के समाप्त होने का खतरा न बने। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों की उचित देखभाल भी की जा सके। पूरी व्यवस्था को सुनियोजित ढंग से व्यवस्थित करना जरूरी होता है, ताकि इससे सभी लोगों की आकांक्षाएं पूरी हो सकें। पर्यटन व्यवस्था जितनी अच्छी होगी, पर्यटन उतनी ही तेजी से विकसित होगा।

**इसे भी देखें–संदर्भ**–देखें अध्याय–5, पृष्ठ–23-24, 'अवयव', 'प्राथमिक अवयव', 'द्वितीयक अवयव'

**प्रश्न 2. वीथि-पथ प्रदर्शकों की भूमिका और प्रकार्यों की चर्चा कीजिए। बाजार में वीथि-पथ प्रदर्शकों की साख में कमी के कौन-कौन से कारण हैं?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय–15, पृष्ठ–77, प्रश्न 2, पृष्ठ–78, प्रश्न 7 और 8

**इसे भी देखें**–बाजार में वीथि-पथ प्रदर्शकों की साख में कमी आ रही है। इसका मुख्य कारण है–अविश्वसनीयता अर्थात यह पथ प्रदर्शक यात्रियों को लुभावने सपने दिखाते हैं कि रहने का स्थान अच्छा होगा, हर वस्तु समय पर उपलब्ध कराई जाएगी तथा मूल्य उचित होगा किंतु ऐसा होता नहीं है। ये लोग अपना कमीशन प्राप्त करने के लिए यात्रियों को किसी हल्के किस्म के होटल में ठहरा देते हैं जिससे यात्री का इन पर से विश्वास लगता है। दूसरा मुख्य कारण आज की बढ़ती हुई टैक्नोलॉजी है, जिससे यात्री घर बैठे हैं। सभी चीजें इंटरनेट पर ढूंढ सकता है और बिना किसी मध्यस्थ के सारे इंतजाम कर लेता है। आज के युग में इंटरनेट ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति कितनी भी दूर बैठकर अपने सारे इंतजाम बेहतर ढंग से कर सकता है।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) वैकल्पिक पर्यटन**

**उत्तर**–वैकल्पिक पर्यटक सारा कार्य पृथक ढंग से करना चाहते हैं। वे पर्यटकों के कम-से-कम तथा स्थानीय संस्कृति के

www.neerajbooks.com



निकट अधिक रहना चाहते हैं। वे विशेष सेवाओं का उपयोग न करके, स्थानीय जनता के साथ यात्रा करना चाहते हैं। इस प्रकार के पर्यटन का मुख्य उद्देश्य 'स्थानीय मित्रों' के साथ यात्रा और राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक परंपराओं को अपने तरीके से किन्तु से समझना होता है। ऐसे पर्यटक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों और ऐसे पूर्व महाराजाओं के महल की ओर अधिक आकृष्ट होते हैं। वे आम बाजारों में घूमना चाहते हैं, जहां स्थानीय रंग हो और या खच्चरों पर यात्रा करते हुए और सामान ढोते हुए लोगों से भेंट हो सके। भारत एक लोकप्रिय वैकल्पिक पर्यटन स्थल है, यहां पुरातन और आधुनिक, अनुष्ठान और शहरीपन का अद्‌भुत मिश्रण, स्थानीय रंग और जीवन से साक्षात्कार होता है।

**इसे भी देखें संदर्भ**–देखें अध्याय–2, पृष्ठ-9, प्रश्न 7

**(ख) संवहनीय पर्यटन**

**उत्तर**–सतत पर्यटन दुनिया के प्राकृतिक और सांस्कृतिक वातावरण की विविधता और संरक्षण को बनाए रखने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सतत पर्यटन से तात्पर्य प्राकृतिक क्षेत्रों के पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय लोगों की भलाई में सुधार के लिए की जाने वाली यात्रा से है। ऐतिहासिक जैविक और सांस्कृतिक संरक्षण, सतत विकास आदि सतत पर्यटन से संबंधित कुछ क्षेत्रों में से है। सतत पर्यटन आगंतुकों को ग्रहण करने और उनको मनोरंजन प्रदान करने का एक तरीका है जिसमें पर्यावरण का न्यूनतम दखल होता है। सतत पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था की विविधता और पर्यटन से संबंधित आय के लिए महत्त्वपूर्ण है, जो इसको समर्थन देने और प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। पर्यटकों, स्थानीय सेवाओं और उत्पादकों के समर्थन के साथ, स्थानीय परिवार अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन से प्राप्त राजस्व कर से सरकार को संरक्षण परियोजनाओं को चलाने के लिए प्रोत्साहित करने में सहायता मिलती है। सतत पर्यटन के अंतर्गत प्राकृतिक वातावरण पर पारंपरिक पर्यटन के प्रतिकूल प्रभाव को कम करना और स्थानीय लोगों की सांस्कृतिक अखंडता को बढ़ाना शामिल है। अत: पर्यावरण और सांस्कृतिक कारकों का मूल्यांकन करने के अलावा आतिथ्य प्रदाताओं द्वारा पुनर्चक्रण का प्रयोग, ऊर्जा, दक्षता और स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों के निर्माण को पहल देना सतत पर्यटन का एक अभिन्न हिस्सा है।

आधुनिक भारत में पर्यटन का वास्तविक विकास 1980 के दशक से प्रारंभ हुआ। पर्यटन के क्षेत्र में सतत विकास के लिए 1988 में व्यापक योजना बनाने के लिए एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया गया। 1997 में नई पर्यटन नीति आई जिसमें केन्द्र एवं राज्य सरकारों के लिए सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी उपक्रमों की भूमिका तय की गई। इसके साथ ही पंचायती राज संस्थाओं, स्थानीय संस्थाओं, गैर-सरकारी संस्थाओं एवं स्थानीय युवाओं की सहभागिता को अधिकारिक रूप से स्वीकृत किया गया।

**(ग) विशेष हित-पर्यटन**

**उत्तर**–विशेष रुचि की मूल अवधाणा यह है कि एक ही पर्यटन स्थल पर जाने वाले सभी पर्यटकों की रुचि एक प्रकार की नहीं होती। विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने वाले अंतत: विशेष रुचि तंत्र को विभिन्न श्रेणियों में विभक्त कर देते हैं। यद्यपि विभिन्न सामाजिक वर्गों की बढ़ती और परिवर्तित शक्ति द्वारा भी विशेष रुचि पर्यटन के लिए सांस्कृतिक उत्पादन के इन क्षेत्रों का महत्त्व निर्धारित होता है। वर्तमान में मजदूर वर्ग की सामूहिक शक्ति के बिखराव और नौकरी-पेशा तथा मध्यम वर्ग की शक्ति में वृद्धि होने के कारण पश्चिम में पर्यटन का नया स्वरूप सामने आया है। इन वर्गों द्वारा निर्मित नवीन सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का संबंध व्यक्तियों की जागरूकता, मनोवृत्ति, रुचि और नापसंद से है।

विशेष रुचि पर्यटन 'प्राकृतिक' मौज-मस्ती को अस्वीकार कर इसे अशिष्ट, घटिया और नीच वृत्ति का मानता है। अध्ययन से पता चलता है कि इस प्रकार के पर्यटक अच्छे काम और बाजार स्थिति के अतिरिक्त शैक्षिक स्तर से प्रभावित होते हैं। इससे इनको सुख प्राप्त होता है। मुख्य रूप से 30 से 40 वर्ष की आयु वाले व्यक्ति इसमें सम्मिलित होते हैं। विशेष रुचि के पर्यटकों में मध्यम आय वाले लोगों के साथ-साथ मीडिया, विज्ञापन और डिजाइन क्षेत्रों के व्यक्ति भी होते हैं। वे फैशन परिवर्तन और शैली के प्रति काफी सजग होते हैं। उनकी नैतिकता मनोरंजन को एक आचार के रूप में देखती है। वे स्वच्छ व शाकाहारी भोजन, पैदल चलने, साइकिल चलाने, तैरने और मछली मारने जैसी गतिविधियों में रुचि रखते हैं।

**इसे भी देखें–संदर्भ**–देखें अध्याय–2, पृष्ठ-8, प्रश्न 5

**प्रश्न 4. पर्यटन में परिवहन की भूमिका पर एक विस्तृत लेख लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय–8, पृष्ठ-44, प्रश्न 6, पृष्ठ-40, 'परिचय', 'सड़क परिवहन', पृष्ठ-41, 'रेल परिवहन', 'वायु परिवहन'

**प्रश्न 5. यात्रा प्रचालकों के विभिन्न प्रकार कौन-कौन से हैं? यात्रा-योजना बनाते समय विचारणीय बिन्दु कौन-कौन से होने चाहिए?**

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम
# (FOUNDATION COURSE IN TOURISM)

पर्यटन परिघटना

## पर्यटन को समझना-I
## (Understanding Tourism-I)

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### प्रस्तावना

दैनिक जीवन में हम प्राय: पर्यटन शब्द सुनते हैं। किसी भी समाचार-पत्र में किसी-न-किसी रूप में पर्यटन का वर्णन मिल जाता हैं, जैसे–कहीं सरकारी नीति के रूप में, कहीं पर्यटकों के आगमन, उत्पाद, पर्यटन स्थल, अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव, स्थानीय लोगों का विरोध या आवभगत के रूप में ।

इस इकाई में निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण विषयों की विवेचना की जाएगी–

*(i)* पर्यटन को परिभाषित करना; इसकी गतिविधियों का ज्ञान;

*(ii)* पर्यटन परिघटना को समझना;

*(iii)* पर्यटन की विशेषताओं की व्याख्या;

*(iv)* पर्यटन की अवधारणाओं का वर्णन;

*(v)* पर्यटक, पर्यटन उत्पाद और स्थल को परिभाषित करना;

*(vi)* भ्रमण का अर्थ ज्ञात करना और

*(vii)* पर्यटन के विभिन्न स्वरूपों और प्रकारों के अतिरिक्त भविष्यगत प्रवृत्तियों को रेखांकित करना।

### अध्याय का विहंगावलोकन

**पर्यटन परिघटना** (Tourism an Event)–पर्यटन का संबंध खुशी, छुट्टी, यात्रा और अन्यत्र नगर में आने-जाने से है। व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या और निवास स्थल को छोड़कर अस्थायी रूप से दूसरे स्थानों पर जाते हैं।

पर्यटन के दौरान वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग किया जाता है। उदाहरणार्थ, यातायात के साधन, ठहरने के लिए आवासीय व्यवस्था आदि इन सेवाओं और साधनों का उपयोग खुशी प्राप्त करने के लिए किया जाता है। आनंद प्राप्ति के अन्य तरीके निम्न हैं–

*(i)* विभिन्न संस्कृतियों और जीवन पद्धतियों का अवलोकन

*(ii)* विभिन्न लोगों का अवलोकन और उनकी भाषा सुनना।

हमारा यह 'बाहर निकलना' सामान्य जीवन से पृथक् होता है। व्यक्ति को सदैव अनूठेपन की खोज होती है। अनूठेपन की यह खोज और अनुभव उसमें उत्सुकता और रुचि उत्पन्न करती है। इस प्रकार के सुखद अनुभव प्रदान करने में कई व्यावसायिक लोगों और विशेषज्ञों का सहयोग होता है। ऐसे अनुभव में निरंतर परिवर्तन आता रहा है और इसका विकास होता रहा है। यह निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है–

*(i)* ऐतिहासिक स्थल जिसको हम देखना चाहते हैं;

*(ii)* हमारा सामाजिक समुदाय;

*(iii)* समाज जिसमें हम रहते हैं।

पर्यटक की भिन्न दृष्टि पर्यटन के चलन और गैर-पर्यटन सामाजिक प्रथाओं के अंतर को स्पष्ट करती है।

पर्यटन एक ऐसी सामाजिक परिघटना है जिसके अंतर्गत अस्थायी तौर पर सामान्य जीवन से पृथक् कुछ करने की आकांक्षा निहित होती है।

लगभग सभी प्रकार की यात्राएँ–खोजी, तीर्थयात्री, साधु व्यापारी, विद्यार्थी, मिशनरी, तपस्वी, शरणार्थी, विजेता, उपचार के लिए यात्रा करने वाले को आधुनिक पर्यटक के रूप में देखा जा सकता है।

**पर्यटन का अर्थ** (Meaning of Tourism)–विश्व पर्यटन संगठन के अनुसार जब लोग 24 घंटे से अधिक व एक वर्ष से कम की अवधि के लिए अपने कार्य स्थल से बाहर निकलते हैं तो इस प्रकार की गतिविधि को पर्यटन में सम्मिलित किया जाता है।

www.neerajbooks.com



**पर्यटन की विशेषताएँ** (Features of Tourism)–पर्यटन वस्तुत: आराम करने का एक प्रयास है–

(1) इसमें दैनिक जीवन के विपरीत कुछ भी नियमित, नियंत्रित और बँधा-बँधाया कार्य नहीं होता है।

(2) ये खास स्थान और समयावधि में अवस्थित होते हैं।

(3) पर्यटन में लोग यात्रा करने के लिए निकलते हैं और विभिन्न स्थानों पर ठहरते हैं।

(4) इस यात्रा के दौरान यातायात, आवास, भोजन और पर्यटन स्थलों की सैर के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता पड़ती है। इस यात्रा के दौरान पर्यटक एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाता है और वहाँ कुछ दिनों तक रुकता है। इस 'घूमने जाने' में 'घर लौटने' की मानसिकता भी निहित होती है।

(5) पर्यटन के लिए निकलने वाले लोग अपनी मौज-मस्ती और आनंद के लिए अपने कार्य-स्थल से बाहर निकलते हैं।

(6) अपने घर या कार्यस्थल में उन्हें किए गए कार्य के बदले में भुगतान प्राप्त होता है। पर्यटन स्थल में उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना होता है।

बड़ी संख्या में लोग छुट्टियों में घूमने के लिए बाहर निकलते हैं। परिणामत: बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हो गई हैं और पर्यटन एक सामूहिक कार्य हो गया है।

**अवधारणाएँ** (Concepts)–बूर्सटिन (Boorstin), बाउड्रिलार्ड (Baudrillard) आदि अनेक लेखकों के अनुसार पर्यटक एक साथ समूह में और किसी के निर्देशन में यात्रा करते हैं। वे हवाई जहाजों में सफर करते हैं, होटलों में रहते हैं और वातानुकूलित बसों में यात्राएँ करते हैं। इस प्रकार वे मेजबान देश के वातावरण और लोगों से पृथक् और 'शून्य वातावरण' में रहते हैं। उनका सामना केवल 'बनावटी घटनाओं' से होता है क्योंकि वे वास्तविक दुनिया के संपर्क में नहीं आ पाते हैं।

समय के साथ-साथ और संचार माध्यमों की सहायता से पर्यटक स्थल की एक छवि बन जाती है। परिणामत: पर्यटन स्थलों की ओर पर्यटक आकर्षित होते हैं। इस प्रकार पर्यटन को समझने में एक विरोधाभास होता है। पर्यटन को परिभाषित करने के लिए इसके विरोधाभासों, कार्यों और स्वरूपों को दृष्टिगत रखना आवश्यक है।

अधिकांश पर्यटक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण में रहते हैं। वे यथार्थ का एक पक्ष ही देख पाते हैं। पर्यटक कभी भी विदेशी संस्कृतियों की गहनतापूर्वक खोजबीन नहीं करना चाहते हैं।

उनके सामने जिस सरल ढंग से और बड़े पैमाने पर संस्कृतियाँ परोसी जाती हैं, उतने सरल ढंग से संस्कृति की सही तस्वीर को जानना कठिन है।

**पर्यटन की परिभाषा** (Definition of Tourism)–लीग ऑफ नेशंस ने 1937 में पर्यटन को परिभाषित करते हुए कहा था कि पर्यटन एक ऐसी सामाजिक गतिविधि है, जिसमें एक व्यक्ति किसी देश में अपने निर्धारित कार्यक्रम के अलावा चौबीस घंटे या उससे अधिक ठहरता है।

डॉ. विवासि के अनुसार सैर-सपाटे को भी पर्यटन में सम्मिलित किया जाता है। AIEST ने 1981 में कहा था कि "घर के वातावरण के बाहर होने वाली गतिविधियों को पर्यटन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। इन गतिविधियों का चुनाव लोग अपनी रुचि से करेंगे। पर्यटन में घर से बाहर रात्रि ठहराव सम्मिलित हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है।"

**पर्यटन के विभिन्न स्वरूपों का जन्म** (Origin of Various Forms of Tourism)–विभिन्न तनाव क्षेत्रों के बीच से पर्यटन के विभिन्न स्वरूपों का जन्म हुआ है, जैसे–

(1) काम/आराम, (2) जागना/सोना, (3) थकान/विश्राम,

(4) आय/व्यय, (5) नौकरी/परिवार, (6) स्वतंत्रता/आवश्यकता।

**पर्यटक** (Tourists)–छुट्टी मनाने वाले लोग भी पर्यटक होते हैं और इसमें व्यापारी भी सम्मिलित हो सकते हैं। पर्यटकों में विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक-आर्थिक वर्ग, विभिन्न उम्र के लोग और पुरुष-स्त्री सभी सम्मिलित होते हैं। प्राय: व्यक्तित्व और शैक्षिक स्तर के अनुसार पर्यटकों के व्यवहारमूलक पक्ष में विविधता होती है। इस विविधता के दृष्टिगत सेवाओं के उत्पादक अपने उत्पादों का निर्माण करते हैं।

इससे विविध कोटि के पर्यटकों की अलग-अलग तस्वीरें बन जाती हैं। इस प्रकार की तस्वीर और सूचना प्राप्त हो जाने पर यह ज्ञात करना सरल हो जाता है कि किसी पर्यटक स्थल पर किसी पर्यटक की क्या माँग हो सकती है।

**पर्यटन स्थल** (Tourism Spots)–एक पर्यटन स्थल एक स्थान होने के अतिरिक्त एक घटना भी होती है, ये दोनों कारक मिलकर आकर्षण के बिंदु बन जाते हैं। शिमला की पहाड़ियाँ, केरल और समुद्र तट या खजुराहो मंदिर परिसर स्थल आकर्षण के केंद्र हैं।

कहीं-कहीं पर्यटक स्थल को देखने नहीं बल्कि वहाँ हो रहे आयोजन को देखने जाते हैं। जब स्थल और घटनाएँ दोनों मिल जाती हैं तो पर्यटन स्थल का आकर्षण दोगुना हो जाता है। उदाहरणार्थ, कोणार्क नृत्य समारोह या केरल में हाथी यात्रा या नौका दौड़।

**पर्यटन : स्वरूप और प्रकार** (Tourism: Nature and Kinds)–आजकल काफी लोग पर्यटन के लिए बाहर निकलते हैं। इसमें सप्ताह के मध्य में आई छुट्टी या सप्ताहांत अवकाश में की गई छोटी यात्राएँ और छुट्टियों के दौरान की गई लम्बी यात्राएँ भी सम्मिलित हैं। नौकरी या कार्य से अवकाश ग्रहण कर वृद्ध लोग ऐसे स्थान में अपना जीवन व्यतीत करना चाहते हैं जहाँ मौसम अच्छा हो और चीजों के दाम कम हों। लोग बिना किसी बाहरी दबाव के स्वेच्छापूर्वक जहाँ जाना चाहते हैं, जाते हैं। सड़कों पर कारों की लंबी कतारें, भरी हुई बसें, ट्रेन, हवाई जहाज लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। ऐसे लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो काम को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य नहीं मानते हैं। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलता है।

**निर्धारण** (Determination)–पर्यटन की इच्छा का निर्धारण सामाजिक रूप से होता है–

(1) सरकारें पर्यटन को प्रोत्साहित करती हैं,

(2) संगठन छुट्टी आयोजित करते हैं,

(3) यात्रा के दौरान स्वास्थ्य बीमा कराया जाता है,

(4) आरामगृहों को कर में रियायत दी जाती है,

(5) निगम अपने कर्मचारियों को बोनस न देकर यात्रा करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

(6) मौसमी दबाव के कारण भी लोगों में घर से बाहर निकलने की इच्छा बलवती होती है।

(7) वार्षिक छुट्टियाँ, संचार माध्यम, साहित्य और फैशन आदि लोगों को छुट्टियाँ मनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

(8) पर्यटन उद्योग, मनोरंजन और आनंद के विभिन्न आकर्षक साधन जुटाते हैं, लोग इनकी ओर आकृष्ट होते हैं। मुक्त बाजार

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



अर्थव्यवस्था के सुपरिभाषित सिद्धांतों के कारण ही मनोरंजन का वाणिज्यीकरण हुआ है। भारत में परिवहन रियायत है, जो Leave Travel Concession (LTC) कहलाता है। अधिकांश कंपनियाँ अपने कर्मचारियों को घर जाने के लिए LTC देती हैं। पर पर्यटन मुख्यत: एक निजी उद्यम है।

**पर्यटन सूचना पुस्तिका** (Tourism Information Booklet)– एक पर्यटन सूचना पुस्तिका में यात्रा के लिए ग्राहक को तैयार करने का पूरा सामान विद्यमान रहता है।

(1) अनौपचारिकता, मुक्तता, शांति, स्वतंत्रता, खुशी पर जोर देकर छुट्टी का वातावरण बनाना।

(2) मनोरंजन का समय, खामोशी और रोमानीपन, आराम, शांति और मुक्तता आदि।

(3) कुछ ऐसी खूबसूरत चीज दिखाना जो घर में उपलब्ध न हो। छुट्टियों के विशेष प्रतीक, जैसे–सूरज, समुद्र तट पर लगे छाते, नारियल के पेड़ों से घिरा समुद्र का किनारा आदि।

(4) दूसरी संस्कृति के उछलते-कूदते, खुशी मनाते, दोस्ती का हाथ बढ़ाते और मौज-मस्ती करते लोगों को दिखाना।

पर्यटन के ये चारों तत्त्व परस्पर घुल-मिल जाते हैं। वर्तमान संदर्भ में विभिन्न प्रकार के पर्यटन सामने आए।

**भविष्यगत प्रवृत्तियाँ** (Future Tendencies)–बी.बी.सी. ने हाल में 'कल्पना कीजिए कि आप यहाँ नहीं हैं' शीर्षक से एक कार्यक्रम प्रसारित किया। इसमें पर्यावरण और अविकसित समुदायों और संस्कृति के संदर्भ में 'गोल्डन होर्ड' द्वारा किए गए नुकसान के प्रति चिंता व्यक्त की गई है। अनेक वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र ने आर्थिक पहलू के दृष्टिगत पर्यटन को प्रोत्साहन दिया था, क्योंकि–

(1) धनी से निर्धन लोगों को धन का हस्तांतरण हो सकता है।

(2) उन क्षेत्रों में जहाँ विकास के अन्य साधन उपलब्ध न हों, क्षेत्रीय असमानता दूर की जा सकती है।

(3) कम शैक्षिक और निपुण लोगों को रोजगार मिल सकता है।

(4) टूरिस्ट डॉलर के फैलाव से आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिल सकता है।

**विशेषताएँ** (Features)–संगठित जन पर्यटन का भविष्य दीर्घकालीन पर्यटन में ही निहित है। इसकी विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं–

(1) पर्यटन पर स्थानीय जनता का नियंत्रण होगा, जो अपनी गति और आवश्यकताओं के अनुसार इसका विकास करेंगे।

(2) दीर्घकालिक पर्यटन में सँभालने की क्षमता पर विशेष बल दिया जाएगा।

(3) पर्यटकों की संख्या पर नियंत्रण रखा जाएगा।

(4) पर्यटन के प्रकार और उसके विकास पर भी नियंत्रण होगा।

**प्रबंधन क्षमता की अवधारणा** (The Concept of Managing Capacity)–यह अवधारणा निम्नलिखित कारणों से सामने आई है–

(क) पर्यावरण और संस्कृति

(ख) विकास का स्तर–आर्थिक और सामाजिक,

(ग) वर्तमान और भविष्य में जनसंख्या व इसकी आवश्यकता,

(घ) पर्यटन बनाम अन्य आर्थिक गतिविधियाँ।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. पर्यटन की परिभाषा दीजिए। यह यात्रा से किस प्रकार भिन्न है?**

**उत्तर–पर्यटन की परिभाषा** (Definition of Tourism)– 'पर्यटन' में विभिन्न प्रकार की सामाजिक प्रथाएँ समाहित हैं। इन सभी में कम-से-कम एक समानता अवश्य है कि वे अलग हैं और सामान्य जीवन में उनमें भिन्नता है। यह मूलभूत विशेषता पर्यटन को परिभाषित करने में सहायक है।

**पर्यटन बनाम यात्रा** (Tourism versus Travelling)–

(1) यात्रा की प्रकृति व्यक्तिगत है। इसके विपरीत पर्यटन सामूहिक होता है।

(2) पर्यटन के दौरान पर्यटक कुछ विशिष्ट दर्शनीय स्थलों पर जाता है। उसके मन में इन दर्शनीय स्थलों को देखने की कामना होती है। उसे इसके विषय में विभिन्न माध्यमों, जैसे–फिल्म, टी.वी. , उपन्यास, पत्रिका, दस्तावेजों से जानकारी मिलती है।

(3) यात्री के विपरीत एक पर्यटक की दृष्टि ऐसे अनूठेपन की खोज करती है, जो आम जीवन से भिन्न हो। कोई मनोरम स्थल, ऐतिहासिक इमारत या कोई घटना जो उसे अनूठी लगे और जिसे देखकर उसे सुख और आनंद की प्राप्ति हो।

**प्रश्न 2. आधुनिक समाज में पर्यटन को एक परिघटना क्यों माना जाता है?**

**उत्तर**–अनेक पर्यटन पेशेवर इस प्रकार की व्यवस्था करने में संलग्न हैं। वे विशिष्ट स्थान की विशिष्ट विशेषताओं को प्रकट करते हैं और पर्यटकों को उस ओर आकृष्ट करते हैं। वे पर्यटकों को आकृष्ट करने हेतु अनेक प्रकार के उत्पादों का सृजन करते हैं तथा उन्हें लोकप्रिय बनाने का प्रयास करते हैं। इन पर्यटन उत्पादों की लोकप्रियता पर्यटन व्यापार की परस्पर प्रतियोगिता और परिवर्तित समाज पर्यटक जन और उनकी रुचियों पर आधारित करता है। जैसे पाँच सितारा होटल में ठहरना या यात्री निवास में, तीर्थयात्रा करना या समुद्रतट का आनंद लेना, नियोजित यात्रा पर निकलना या व्यक्तिगत रूप से छुट्टी व्यतीत करना।

आधुनिक समाज में पर्यटन हैसियत का प्रतीक बन गया है। इसे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाने लगा है। विकसित देशों में अवकाश अवधि का 40% समय यात्रा में व्यतीत किया जाता है।

**प्रश्न 3. बताइए कि पर्यटन की परिभाषा करना कठिन क्यों है? आप पर्यटन को किस प्रकार परिभाषित करेंगे?**

**उत्तर**–पर्यटन की परिभाषा करना एक कठिन कार्य है। इसका कारण यह है कि इसकी परिभाषा स्थिर व एक न रहकर परिवर्तनशील है।

(1) लीग ऑफ नेशंस ने 1937 में पर्यटन को परिभाषित करते हुए कहा था कि पर्यटन एक ऐसी सामाजिक गतिविधि है, जिसमें एक व्यक्ति किसी देश में अपने निर्धारित कार्यक्रम के अतिरिक्त 24 घंटे या उससे अधिक ठहरता है। इस परिभाषा में घरेलू पर्यटन को छोड़कर केवल अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पर बल दिया गया है।

(2) 1963 में पर्यटन पर हुए रोम सम्मेलन में 'पर्यटक (टूरिस्ट) के स्थान पर आगंतुक (विजिटर) शब्द का सुझाव दिया गया और कहा गया कि पर्यटन को ''अपने देश या अपने कार्य स्थान को छोड़कर एक-दूसरे देश में'' आगमन के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके पक्ष में निम्नलिखित कारण प्रस्तुत किए गए–

www.neerajbooks.com

*(i)* **पर्यटन**–एक ऐसी गतिविधि है, जिसमें एक आगंतुक अपने आराम, व्यापार, परिवार, मिशन या बैठक के लिए कम-से-कम 24 घंटे ठहरता है।

*(ii)* **सैर-सपाटा**–यह एक ऐसी गतिविधि है, जिसमें एक आगंतुक 24 घंटे से कम रुकता है पर इसमें यात्रा कर रहे (जो अभी रास्ते में हैं) लोगों को सम्मिलित नहीं किया जाता है।

इस परिभाषा में भी घरेलू पर्यटकों को सम्मिलित नहीं किया गया है, पर इसमें दैनिक आगंतुकों को सम्मिलित किया गया है।

1976 में ब्रिटेन की टूरिज्म सोसाइटी के अनुसार ''पर्यटन एक अस्थायी और लघु अवधि गतिविधि है। जिसमें लोग कुछ समय के लिए अपने कार्य-स्थलों, घरों, निवास-स्थानों से बाहर निकलकर दूसरी जगह जाते हैं, वहाँ रहते हैं और काम करते हैं। इन स्थानों में रुकने के दौरान उनकी गतिविधियाँ, दिन के आगमन और सैर-सपाटे को भी पर्यटन में सम्मिलित किया जाता है।''

**प्रश्न 4. क्या पर्यटन उत्पाद दूसरे उत्पादों के समान हैं?**

**उत्तर**–पर्यटन एक उत्पाद ही है। पर्यटक अपने भ्रमण के दौरान अनेक प्रकार के उत्पादों का उपयोग करता है। पर्यटक उपभोग तथा पूर्वानुमान का संबंध कुछ सेवाओं से होता है। प्राय: कहा जाता है कि भ्रमण बेचने तथा स्वप्न बेचने के मध्य अधिक अंतर नहीं होता। पर्यटक अस्थायी रूप से एक अजनबी वातावरण, पृथक् पर्यावरण और भौगोलिक विशेषताएँ, विलास सेवा, भावभगत संस्कृति व विरासत जो कि उत्पाद है, खरीद रहा होता है।

इस प्रकार पर्यटन उत्पाद में भौतिक के अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक संरचना भी सम्मिलित होती है जिसके सामने स्वप्न को यथार्थ में परिवर्तित करने की चुनौती होती है। इस चुनौती का सामना करना इस कारण कठिन है कि विभिन्न संस्कृतियों की प्राथमिकताएँ और प्रतीक पृथक्-पृथक् होते हैं और विश्व स्तर पर पर्यटन पेशेवर संतुष्टीकरण का एक शाश्वत मानदंड निर्धारित करने का प्रयत्न करते हैं।

गुणवत्ता नियंत्रण की समस्या के अतिरिक्त संयोग नामक कारक के कारण सुनियोजित भ्रमण कार्यक्रम भी छिन्न-भिन्न हो सकता है। प्राकृतिक कारणों या मनुष्य की गलती के कारण या फिर दुर्घटना या अचानक परिस्थितियों के कारण भी कार्यक्रम गड़बड़ा सकता है।

पर्यटन सेवाओं में जोखिम अधिक होता है क्योंकि इन सेवाओं को विलास माना जाता है। अतएव अनिवार्य सेवाओं के समान इन पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

इन सेवाओं के उत्पादकों को भी जोखिम उठाना पड़ता है। भ्रमण सेवाओं को पहले से जाँचा, परखा और देखा नहीं जा सकता। न ही उसकी तुलना की जा सकती है। ये कार्य करने की पद्धति से प्रभावित होती हैं। सेवाओं की आपूर्ति नियत होती है। इनकी पूरी तरह खपत न होने का जोखिम उत्पाद को ही उठाना पड़ता है क्योंकि यात्रा सेवाओं का भंडारण नहीं किया जा सकता है। पर्यटन में माँग स्थिर नहीं होती।

माँग-आपूर्ति जैसी बाधाओं और सामाजिक-राजनैतिक कारकों के अतिरिक्त सेवाओं को चलाने वाले और उपलब्ध कराने वाले लोग मौसम से भी प्रभावित होते हैं। उनके पास विपणन में निवेश करने के लिए पूँजी की कमी होती है। अनेक मामलों में वे अनौपचारिक क्षेत्र, उदाहरणार्थ दलाल या बिचौलियों पर भी निर्भर करते हैं।

**प्रश्न 5. भ्रमण की अनिवार्य विशेषताएँ क्या हैं? एक नियोजित भ्रमण लोकप्रिय परिघटना क्यों है?**

**उत्तर**–भ्रमण के प्रमुख उद्देश्य व प्रेरणाएँ निम्न प्रकार हैं–

(1) छुट्टी या अवकाश, दोस्तों और संबंधियों के यहाँ जाना,

(2) बैठक और सम्मेलन, अन्य व्यापारिक गतिविधियाँ,

(3) स्वास्थ्य और खेलकूद,

(4) धर्म और संस्कृति या

(5) विशेष रुचि, जैसे–अध्ययन भ्रमण आदि।

**कारण** (Factors)–यात्रा के उद्देश्य से भ्रमण की प्रकृति निम्न से प्रभावित होती है–

(1) गंतव्य चुनने के लिए स्वतंत्रता, (2) धन की कठिनाई, (3) समय की कमी, (4) गुणवत्ता निर्धारण, (5) विशिष्ट सुविधाएँ और सेवाएँ

भ्रमण देश के भीतर भी हो सकता है और बाहर भी। भ्रमण में समुद्र तट, द्वीप, पहाड़, स्वास्थ्य, आराम स्थल, ग्रामीण क्षेत्र आदि जैसी अनूठी प्राकृतिक या भौगोलिक विशेषताओं पर भी बल दिया जाता है। इन स्थानों पर पर्यटन सेवाएँ उपलब्ध करानी होंगी। पर्यटकों का दबाव बढ़ेगा और इसका प्रभाव पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, स्थानीय प्रथाओं और लोगों पर अवश्य पड़ेगा।

किसी भ्रमण की अवधि निम्न कारकों पर निर्भर होती है–

(1) छुट्टी का अवधि, (2) व्यय, (3) प्रमुख आकर्षण और गतिविधियाँ, (4) एक गंतव्य व अनेक गंतव्य, (5) सामूहिक यात्रा कार्यक्रम या व्यक्तिगत यात्रा और (6) सभी प्रकार की व्यवस्था एक साथ या विशेष रुचि भ्रमण आदि।

**विशिष्ट निजी भ्रमण** (Special Personal/Individual Travelling or Visits)–विशिष्ट निजी भ्रमण की विशेषताएँ निम्न प्रकार हैं–

(1) आगंतुक व्यक्तिगत रूप से सेवाएँ खरीदता है।

(2) आगंतुक या तो खुद टिकट आरक्षित करवाता है या इसके लिए ट्रैवेल एजेंट की सहायता लेता है।

स्पष्ट है कि निजी भ्रमण में अनेक कठिनाइयाँ हैं।

**नियोजित भ्रमण** (Package Tour)–समग्र भ्रमण या 'सब शामिल भ्रमण' व्यवस्था में पर्यटक को जिन सेवाओं की आवश्यकता होती है, उनमें से प्रत्येक की कीमत का निर्धारण खरीदार नहीं कर सकता।

(1) टूर संचालक एक समग्र भ्रमण कार्यक्रम बनाते हैं।

(2) वे विभिन्न उत्पादकों और थोक विक्रेताओं से अलग-अलग चीजें खरीद लेते हैं।

(3) वे व्यक्तियों और समूहों को प्रत्यक्ष रूप में या खुदरा विक्रेता के रूप में कार्य कर रहे ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से या अपने उत्पाद एजेंटों के माध्यम से बेचते हैं।

**पर्यटन सेवाएँ** (Tourism Services)–माँगों की पूर्ति हेतु विभिन्न प्रकार की पर्यटन सेवाओं की आवश्यकता पड़ती है। उदाहरण के लिए–

(1) उपर्युक्त विभिन्न समय-सारणी के अनुरूप परिवहन सेवाएँ उपलब्ध कराना या माँग के अनुसार उन्हें आरक्षित करना।

(2) आवास की व्यवस्था औपचारिक क्षेत्र या गौण क्षेत्रों में करना।